उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025

शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु निर्धारित केन्द्रों एवं तिथियों के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सूचना

संख्याःपीआरपीबी–बी(आरक्षी पीएसी एवं अन्य संवर्ग)07/2025, दिनांकःअक्टूबर 01 ,2026

उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–2025 के अन्तर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षा के आयोजन सम्बन्धी समांक विज्ञप्ति दिनांकित 24.09.2026 एवं 29.09.2026 के कम में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वर्षा एवं ग्राउण्ड पर जल भराव के कारण शारीरिक दक्षता परीक्षा केन्द्र एवं उनकी तिथियॉ पुनर्निधारित की गयी है, जिसका विवरण निम्नवत हैः–

(अ) पूर्व निर्धारित तिथियों पर आयोजित की जा रही शारीरिक दक्षत परीक्षा केन्द्रों का विवरण।

क0	शारीरिक दक्षता परीक्षाण स्थल का नाम	विवरण
1	1) 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ 2) डा0 शकुन्तला मिश्रा, पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ 3) 25वीं वाहिंनी पीएसी, रायबरेली 4) 04 वी वाहिंनी पीएसी प्रयागराज 5) 33वीं वाहिंनी पीएसी, झांसी 6) 45वीं वाहिंनी पीएसी अलीगढ़	इन परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 01.10.2026 से पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित की जा रही है।

(ब) संशोधित तिथियों पर आयोजित की जा रही शारीरिक दक्षता परीक्षा केन्द्रों एवं तिथियों का विवरण।

क0	शारीरिक दक्षता परीक्षण स्थल का नाम	विवरण
1	1) 9वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद 2) 47 वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद 3) 39वीं वाहिनी पीएसी मिर्जापुर 4) 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली (8वीं वाहिनी पीएसी बरेली परीक्षा केन्द्र परिवर्तन करके **पुलिस लाइन्स, बरेली** निर्धारित किया गया है।)	क. इन परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 01.10.2026 को प्रस्तावित शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 08.10.2026 को आयोजित की जायेगी। इस दिवस के अभ्यर्थियों के संशोधित एडमिट कार्ड बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं, जिन्हें अभ्यर्थी डाउनलोड कर प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र/परीक्षा तिथि/समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें। ख. दिनांक 03.10.2026 से शारीरिक दक्षता परीक्षा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आयोजित की जायेगी। ग. 08 वहिनी पीएसी बरेली का परीक्षा केन्द्र परिवर्तन करते हुए **पुलिस लाइन्स, बरेली** निर्धारित किया गया है। अतएव इस परीक्षा केन्द्र के अभ्यर्थी अद्यतन प्रवेश पत्र डाउनलोड करके संशोधित परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होगें।

2	1) 20वीं वाहिनी पीएसी आजमगढ़ 2) 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर 3) 6वीं वाहिनी पीएसी मेरठ	क. इन परीक्षा केन्द्रों पर शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 05.10.2026 से प्रारम्भ होगी। ख. दिनांक 01.10.2026 को प्रस्तावित शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 08.10.2026 को आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। ग. दिनांक 03.10.2026 को प्रस्तावित शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 09.10.2026 को आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। घ. दिनांक 04.10.2026 को प्रस्तावित शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 10.10.2026 को आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। ङ. दिनांक 05.10.2026 से शारीरिक दक्षता परीक्षा पूर्व निर्धारित शेड्यूल के अनुसार आयोजित की जायेगी।
3	1) 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर 2) 12वीं वाहिनी पीएसी फतेहपुर (उपरोक्त दोनों परीक्षा केन्द्रों को परिवर्तित करके अभ्यर्थियों को अन्य परीक्षा केन्द्रों पर रीशेड्यूल किया गया है।)	क. **37वीं वहिनी पीएसी कानपुर एवं 12 वी वाहिनी पीएसी, फतेहपुर परीक्षा केन्द्रों पर शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित नहीं की जायेगी।** ख. इन परीक्षा केन्द्रों के अभ्यर्थियों को अन्य परीक्षा केन्द्रों पर रीशेड्यूल किया जा रहा है। अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र यथाशीघ्र बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये जायेगें।

2. अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त की जायेगी।

अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक,
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।
01.10.2026